प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की कोर कमिटी की आज दिल्ली में होगी बैठक, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में प्रत्याशियों के नाम होंगे तय।

- झामुमो ने सीट शेयरिंग और प्रत्याशी चयन के लिए पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को किया अधिकृत।

- राज्य सरकार ने मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार रूपये से बढ़ाकर ढाई हजार रुपये करने का किया फैसला, लाभुकों को अगले माह से मिलेगी बढ़ी हुई राशि।

- भाजपा ने मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ाने के सरकार के फैसले को बताया चुनावी स्टंट।
- कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में दुष्कर्म की घटना के विरोध में झारखंड के जूनियर डॉक्टर आज करेंगे भूख हड़ताल।

****

झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की कोर कमिटी की आज दिल्ली में बैठक होगी। बैठक में प्रदेश भाजपा के नेताओं के अलावा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे। इस दौरान पार्टी प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा होगी और सूची को अंतिम रुप दिया जायेगा। इससे पहले कल रांची में पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा की उपस्थिति में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बाद में श्री सरमा ने कहा कि कि एनडीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर लगभग सहमति बन गयी है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची तैयार कर ली गयी है। चुनाव तिथि की घोषणा के तुरंत बाद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जायेगी।

****

इधर, झामुमो ने भी केन्द्रीय समिति की विस्तारित बैठक कर चुनाव तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गठबंधन दलों के साथ सीट शेयरिंग और पार्टी प्रत्याशियों के नाम तय करने के लिए अधिकृत किया गया। पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने उन्हें चुनाव तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया।

****

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मइंया सम्मान योजना की राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर ढाई हजार रुपये करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। लाभुकों को बढ़ी हुई राशि दिसम्बर माह से मिलेगी। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार जो कहती है वह करके दिखाती है।

****

भाजपा ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मंइयां सम्मान योजना की राशि बढ़ाने के सरकार के फैसले को चुनावी स्टंट करार दिया है। पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने रांची में पत्रकारों से कहा कि राज्य सरकार ने चुनाव बाद बढ़ी हुई राशि देने की घोषणा कर फिर राज्य की जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया है।

****

कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आज झारखंड में रिम्स समेत सभी छह मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर भूख हड़ताल पर रहेंगे। आइएमए, जेडीएन और एफएआईएमए के

राष्ट्रव्यापी हड़ताल के आह्वान पर झारखंड में भी हड़ताल की घोषणा की गयी है। इस दौरान मेडिकल कॉलेजों में सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी।

****

रांची से गोरखपुर के लिए आज से एक नयी ट्रेन चलेगी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से इस साप्ताहित ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। यह ट्रेन रांची से गोरखपुर के लिए प्रत्येक शुक्रवार खुलेगी जबकि गोरखपुर से रांची के लिए यह प्रत्येक शनिवार को रवाना होगी।

****

धनबाद से खुलकर जम्मू जाने वाली धनबाद–जम्मू तवी स्पेशल ट्रेन के फेरे त्योहारों के मौसम में बढ़ा दिए गए हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कुछ हिस्सों में आज भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि दक्षिण भारत में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर राज्य पर दिखायी पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिनों तक रांची, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम में हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है।

****

अखबारों की सुर्खियां

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जल जीवन मिशन में अनियमितता मामले में इडी की छापेमारी और राज्य मंत्रिपरिषद के फैसले को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- दैनिक भास्कर ने लिखा है– मंत्री मिथिलेश के भाई, पीएस और आइएएस मनीष से जुड़े 18 ठिकानों पर इडी के छापे।
- हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मंइयां राशि अब 2500 और पारा शिक्षकों को ईपीएफ।
- प्रभात खबर के शब्द हैं– मंइयां योजना में दिसंबर से 2500 रुपये।
- दैनिक जागरण लिखता है– मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई, पीएस, आइएएस मनीष व करीबियों के ठिकानों पर ईडी के छापे।
- रांची एक्सप्रेस ने सीएम के हवाले से लिखा है– राज्य में नियुक्तियों का सिलसिला जारी, कोई भी महीना ऐसा नहीं, जब नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन नहीं हुआ हो।
- अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने भारत द्वारा कनाडा से अपने उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को वापस बुलाने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

******समाप्त******